<u>समाचार</u>

राजस्व मंत्री ने किया वार्ड 18 डबरीपारा में तालाब विकास कार्य का भूमिपूजन

(22 लाख रूपये की लागत से होगा डबरीपारा तालाब का विकास कार्य)

कोरबा 09 मई 2022 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने निगम के वार्ड क्र. 18 अंतर्गत आने वाले डबरीपारा तालाब के संरक्षण व विकास कार्य का भूमिपूजन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षद व एल्डरमेनगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 18 में स्थित डबरीपारा तालाब के संरक्षण, सौदंर्यीकरण व विकास का कार्य अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण मद के तहत 22 लाख रूपये की लागत से कराया जाना हैं। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उक्त विकास कार्य का भूमिपूजन किया, उन्होने पूजा अर्चना की, शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया तथा कार्य का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि अन्य विकास कार्यो के साथ–साथ तालाबों, जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं उनका विकास का कार्य भी आवश्यक है, इसी को ध्यान में रखते हुए निगम क्षेत्र में वर्तमान में 04 तालाबों के संरक्षण, विकास व सौदंर्यीकरण के कार्यो हेतु स्वीकृत प्रदान की गई है। उन्होने कहा कि आवश्यकतानुसार और तालाबों व जल स्त्रोतों के संरक्षण विकास का कार्य कराया जाएगा। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि नगर निगम कोरबा द्वारा लगातार विकास के कार्य कराए जा रहे हैं, आमनागरिकों को सभी सुविधाएं मिले, उनकी

समस्याओं का त्वरित निदान हों, इसको ध्यान में रखते हुए विकास कार्यो को निरंतर गति व दिशा दी जा रही है, मेरा पूरा प्रयास रहता है कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े, उनकी समस्याएं जल्द से जल्द दूर हों।

विकास पुरूष है, राजस्व मंत्री– इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल की छबि एक विकास पुरूष के रूप में बन चुकी है, कोरबा के विकास के लिए उन्होने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान किया है, कोरबा की बरसों पुरानी समस्याएं उन्हीं के मार्गदर्शन एवं प्रयासों से दूर की गई हैं। सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि सभी क्षेत्रों में व्यापक रूप से कार्य किए गए हैं, जो अभी भी निरंतर जारी हैं। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि हमारा सौभाग्य है कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल जैसे मार्गदर्शक व विकास के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हमें मिला है, उनका लगातार मार्गदर्शन कोरबा के विकास के लिए मुझे प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए मैं उनका विशेष रूप से आभारी हूॅं।

भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन काउंसिल के सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, पालूराम साहू, सुनीता राठौर, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, अनुज जायसवाल, एल्डरमेन बच्चू मखवानी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, सीमा उपाध्याय, आशा कर्ष, हेमंती साहू, संतोष सिदार, सावित्री सिदार, जुगावली देवी, मंजू बरेठ, सुनीता बरेठ, सकुन चन्द्रा, त्रिवेणी मिर्री, कुजबिहारी साहू, पूनम झा आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।